भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2404**

उत्तर देने की तारीख 15 दिसंबर, 2025
24 अग्रहायण, 1947 (शक)

## दमन में 'लग्जरी दमन क्लब'

**†2404. श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल:**

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि दमन और दीव के दमन जिले में स्थित बंदोदकर स्टेडियम, जो पहले बच्चों के खेल के मैदान के रूप में प्रयोग किया जाता था, को 'लग्जरी दमन क्लब' में परिवर्तित कर दिया गया है और लाभ के लिए एक निजी कंपनी को सौंप दिया गया है;

(ख) यदि हाँ, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) उक्त क्लब के निर्माण पर कुल कितनी निधि व्यय की गई और इसकी स्थापना का उद्देश्य क्या है;

(घ) सरकार को इस दमन क्लब से वार्षिक कितना राजस्व प्राप्त होता है और क्लब का सदस्य बनने के लिए कितना सदस्यता शुल्क लिया जाता है; और

(ङ) उक्त क्लब से संबंधित अनुबंध-संबंधी सभी दस्तावेजों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री**
**(डॉ. मनसुख मांडविया)**

(क) और (ख) : ‘खेल’ राज्य का विषय होने के कारण आकांक्षी खिलाड़ियों और स्थानीय खेल क्लबों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के प्रावधान सहित खेलों के संवर्धन और विकास की मुख्य ज़िम्मेदारी संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्र सरकारों की होती है। इसके अलावा, दमन में मौजूद बंदोदकर स्टेडियम इस मंत्रालय के अधिकार क्षेत्र में नहीं आता है। तथापि, जैसा कि गृह मंत्रालय ने सूचित किया है, उक्त स्टेडियम को फिर से बनाया गया है और अभी इसे योजना और विकास प्राधिकरण (पीडीए), दमन द्वारा ‘द दमन क्लब’ के तौर पर चलाया जा रहा है, किसी निजी एजेंसी द्वारा नहीं।

(ग) से (ङ) : इस क्लब के विकास/ नवीनीकरण के लिए दमन म्युनिसिपल काउंसिल (डीएमसी) द्वारा 10.17 करोड़ रु. खर्च किए गए। इस क्लब बनाने का मुख्य उद्देश्य वहां के स्थानीय लोगों और पर्यटकों को बेहतर खेल, फिटनेस और मनोरंजन की सुविधाएं प्रदान करना था।

इसके अलावा, इस क्लब के कार्यशील होने (पिछले 2 वर्ष) से दमन क्लब ने कुल 4.69 करोड़ रु. का राजस्व अर्जित किया है। इसका सदस्यता शुल्क (जीएसटी रहित) निम्नानुसार है :

- लाइफ मेंबर - ₹10,00,000.
- लाइफ इंस्टीट्यूशनल मेंबर - ₹15,00,000
- इंस्टीट्यूशनल मेंबर - ₹1,20,000 प्रतिवर्ष
- स्पोर्ट्स मेंबर - ₹1,200 प्रतिवर्ष
- सर्विस मेंबर - ₹6,000 प्रतिवर्ष
- टेम्परारी मेंबर - ₹24,000 प्रतिवर्ष
- ऑर्डिनरी मेंबर - ₹12,000 प्रतिवर्ष

*****